# हजारीबाग शहर की तस्वीर बदल रहे मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) में निबंधित मजदूर।

**रोजगार** • निगम क्षेत्र की अन्य योजनाओं में भी जॉबकार्डधारी मजदूरों से लिया जा रहा है काम, गांव से आने वाले मजदूर का भी होगा रजिस्ट्रेशन

## सीएम श्रमिक योजना में 600 श्रमिकों ने कराया निबंधन, एक सप्ताह से हो रही है हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के मुख्य नालों की साफ-सफाई

भास्कर न्यूज़ | हजारीबाग

हजारीबाग नगर निगम में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत छह सौ से अधिक श्रमिकों का निबंधन किया गया है तथा उन श्रमिकों को निगम के द्वारा जॉबकार्ड दिया गया है। मांग के आधार पर इन जॉबकार्डधारियों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। दरअसल यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (मनरेगा) की तरह है। मनरेगा केंद्र की योजना है और इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में मांग के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराना है जबकि मुख्यमंत्री श्रमिक योजना शहरी क्षेत्र में रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से झारखंड सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। वर्तमान में शहरी क्षेत्र में मुख्य नालों की सफाई का कार्य मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत निबंधित मजदूरों से कराया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत एक सप्ताह पूर्व किया गया है। इसके पूर्व निगम क्षेत्र में अवस्थित तालाबों एवं झील की सफाई के कार्य में भी इस योजना के तहत मजदूरों को लगाया गया था। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में निगम के अधीन संचालित अन्य योजनाओं में भी इन जॉबकार्डधारी श्रमिकों को रोजगार दिलाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले भी जोड़े जाएंगे

मुख्यमंत्री श्रमिक योजना का दायरा बढ़ाया जा रहा है। निगम की सिटी मिशन मैनेजर मधु कुमारी ने बताया कि अब मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत गांव से आने वाले मजदूरों को भी जोड़ा जाएगा। गांव से आकर शहर में काम करने वाले मजदूर इस योजना के तहत निगम में अपना निबंधन कराकर काम की मांग कर सकते हैं। उनके नाम का जॉबकार्ड जारी हो जाएगा।



नाला सफाई कार्य का निरीक्षण करतीं नगर आयुक्त।

### नगर आयुक्त ने बड़े नाले की हो रही साफ- सफाई का किया निरीक्षण

नगर आयुक्त गरिमा सिंह ने शुक्रवार को मल्लाह टोला में हो रहे बड़े नाले की सफाई का निरीक्षण किया। इस नाले की सफाई की शुरुआत मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के श्रमिकों के द्वारा एक सप्ताह पूर्व किया गया है। वर्तमान सफाई देखकर नगर आयुक्त आश्वस्त हुईं। साथ ही उन्होंने इसे और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के लिए निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने ऐसी गलियों तथा नालियों को चिह्नित करने का निर्देश दिया जो आवागमन का मुख्य मार्ग है या उसके नजदीक है और उससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। निरीक्षण के दौरान सिटी मिशन मैनेजर मधु कुमारी भी उपस्थित थी।